# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

e-mail id: jceceboard@gmail.com
Website: http://jceceb.jharkhand. gov.in
Phone no.: 9264473893

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/07/20 – 77 राँची/दिनांक: 02/12/2020

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के शैक्षणिक सत्र–2020–21–22 में विभिन्न व्यवसायों में नामांकन हेतु 8वीं एवं 10वीं कक्षा में प्राप्तांक आधारित अंतिम मेधा–सूचियों के आधार पर आयोजित की जाने वाली द्वितीय ऑनलाईन साक्षात्कार से संबंधित अति महत्वपूर्ण विस्तृत सूचना**

पर्षद द्वारा दिनांक–20.08.2020 को अंतिम रूप से प्रकाशित मेधा–सूचियों के आधार पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के शैक्षणिक सत्र–2020–21–22 में विभिन्न व्यवसायों में नामांकन हेतु अनुशंसा के लिये द्वितीय ऑनलाईन साक्षात्कार आयोजित किया जाना है। **उक्त साक्षात्कार में वैसे सभी अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं जो किसी कारणवश प्रथम् ऑनलाईन साक्षात्कार में शामिल नहीं हो सके थे या फिर साक्षात्कार में अनुशंसित होने के उपरान्त संबंधित संस्थान में नामांकन नहीं करा सके थे या अनुशंसा के आधार पर नामांकित हैं तथा बेहतर व्यवसाय एवं/या संस्थान में नामांकन के लिये ईच्छुक हैं।** द्वितीय ऑनलाईन साक्षात्कार कार्यक्रम निम्नवत् है :–

| Sl.No. | Activity | Date | |
|---|---|---|---|
| | | From | To |
| 01 | Online Registration & Choice Filling | 05.12.2020 | 09.12.2020 |
| 02 | Edit of filled in Choice of Trade(s) and/or I.T.I.(s) | 10.12.2020 | |
| 03 | Seat Allotment and Download of Provisional Seat Allotment Letter | 14.12.2020 | 19.12.2020 |
| 04 | Admission in the concerned I.T.I. | 14.12.2020 | 19.12.2020 |

2. **अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान/संस्थानों तथा व्यवसाय/व्यवसायों को अपनी प्राथमिकता के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "Online Counselling for Admisstion in I.T.I.-2020" Link में Clik कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए विकल्पों को भरा जाना है। विकल्पों को भरने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों को भरें। इसके अलावे उन्हें संबंधित प्रमाण–पत्रों/दस्तावेजों को भी भारित (Upload) करना है। अभ्यर्थियों द्वारा भारित (Upload) किये जाने वाले संबंधित प्रमाण–पत्रों/दस्तावेजों की सूची पर्षद के वेबसाईट पर "Downloads" कॉलम में उपलब्ध है।**

3. श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, राँची के पत्रांक – 5/प्रशि0 (प्रशि0)/69/2019–593 दिनांक 20.07.2020 के माध्यम से प्राप्त निर्देश के आलोक में अभ्यर्थियों के वैध मोबाईल नम्बर एव ई–मेल आई0डी0 में, संस्थान से उत्तीर्णता प्रमाण–पत्र प्राप्त करने तक, परिवर्तन करने की अनुमति नहीं मिलेगी। अतः अभ्यर्थी अपना वैध मोबाईल नम्बर एवं ई0–मेल आई0 डी0 की जाँच कर संतुष्ट हो लें। जिन अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र में

पूर्व में आधार संख्या प्रविष्ट नहीं किया गया है उन्हें Online Registration & Choice Filling के दौरान आधार संख्या दर्ज करना आवश्यक है।

4. श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, राँची के पत्रांक –5/प्रशि0 (प्रशि0)/69/2019–949 दिनांक 11.11.2020 के आलोक में 10वीं कक्षा की मेधा–सूची में शामिल अभ्यर्थियों को 8वीं कक्षा स्तरीय व्यवसायों में भी नामांकन लेने की सुविधा दी जायेगी।

अतः 10वीं कक्षा की मेधा–सूची के अभ्यर्थी जो 8वीं कक्षा स्तरीय व्यवसायों में नामांकन के लिए ईच्छुक हैं तो वे 10वीं कक्षा के साथ–साथ 8वीं कक्षा स्तरीय व्यवसायों का विकल्प अपनी प्राथमिकता के अनुसार भर सकते हैं।

5. साक्षात्कार शुल्क :– अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा :–

| Sl.No. | Category | Applicable Fee |
|---|---|---|
| 1. | General/EWS/BC-I/BC-II | Rs. 400.00 |
| 2. | SC/ST/Female Candidate of all categories | Rs. 250.00 |

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

(रंजीता हेम्ब्रम)
उप परीक्षा नियंत्रक